एक नजर में

सेवा भारती का कन्या पूजन महोत्सव आज

बैतूल। सेवा भारती परिवार बैतूल द्वारा आज 15 अक्टूबर को रामकृष्ण बगिया, गंज में कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इसमें नौ कन्याओं को नौ देवियों के स्वरूप में पूजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालु कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रहेगी। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बैतूल के धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर कन्या पूजन में सहभागी बनने की अपील की है।

बोरी बंधान और कड़ी शटर से सहेजा वर्षा जल

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल को रोकने एवं संरक्षित करने के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत भीमपुर के भीमपुर सेक्टर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए बोरी बंधान एवं कड़ी शटर लगाने के कार्य कराए जा रहे हैं। भीमपुर क्षेत्र में वर्षा के दौरान बहने वाले पानी को रोकने और उसका स्थानीय स्तर पर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए नालों एवं जल प्रवाह वाले स्थानों पर बोरी बंधान किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कड़ी शटर के माध्यम से जल प्रवाह को नियंत्रित कर पानी को अधिक समय तक रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बोरी बंधान एवं कड़ी शटर से वर्षा जल के ठहराव की अवधि बढ़ेगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा मिलेगा। इसका लाभ कुओं एवं अन्य जलस्रोतों के जलस्तर में वृद्धि के रूप में मिलने की संभावना है। इससे रबी सीजन में सिंचाई तथा गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। जनपद पंचायत भीमपुर द्वारा क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ऐसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

बाल रंग प्रतियोगिता में ईपीइएस स्कूल प्रथम

मुलताई। संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में नगर में स्थित हिंदी उर्दू माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कव्वाली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्मदापुरम में आयोजित संभाग स्तरीय प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और शानदार प्रस्तुति से निर्णायको का ध्यान आकर्षित किया। इस उपलब्धि में विद्यार्थियों को वर्षा खेरे एवं समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय सहित बैतूल जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की सफलता से शिक्षकों और विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है।

8121 किसानों ने कराया पंजीयन

बैतूल। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) के विक्रय के लिए जिले में निर्धारित अवधि में कुल 8,121 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। पंजीकृत किसानों के कुल 15,124 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है।मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार धान एवं मोटा अनाज के पंजीयन के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई थी।

नए गैस कनेक्शन पर रोक, छोटे सिलेंडर से काम चला रहे लोग

नवभारत न्यूज

बैतूल, 14 अक्टूबर. जिले में गैस कनेक्शन की व्यवस्था पर पिछले छह महीने से लगा ब्रेक अब उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रहा है। मार्च से जिले की गैस एजेंसियों पर नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी नहीं हो रहे हैं।

एजेंसियों पर कनेक्शन के लिए चक्कर लगा रहे उपभोक्ता

उपभोक्ताओं को महंगा पड़ रहा छोटा सिलेंडर

पिछले 6 महीने में सैकड़ों आवेदन नए कनेक्शन के लिए एजेंसियों में पहुंचे है, लेकिन पोर्टल बंद होने से गैस एजेंसियों पर नए कनेक्शन लंबित हैं। ऐसे में नए कनेक्शन के इंतजार में परिवारों को 5 व 10 किलो के सिलेंडर का महंगा विकल्प अपनाना पड़ रहा है। शहर में नए मकान में रहने आए बाहर के परिवारों को भी घरेलू गैस कनेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक मार्च 2026 से नए घरेलू कनेक्शन की प्रक्रिया बंद है। संचालकों का कहना है कि अमेरिका और अन्य देशों के बीच युद्ध जैसे हालात बनने के बाद से नए कनेक्शनों पर रोक लगी है। हालांकि, पहले से कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को रिफिल मिलने में परेशानी नहीं है। बता दे कि अभी जिले में लगभग 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है। इनमें 2 लाख 10 हजार उज्ज्वला कनेक्शन हैं। इनमें से कई उज्ज्वला कनेक्शन केवाईसी के कारण बंद या पेंडिंग बताए जा रहे हैं। नए कनेक्शन की प्रक्रिया रुकी होने से परिवार अलग होने, नए घर में शिफ्ट होने या पहली बार गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महंगा पड़ रहा छोटा सिलेंडर : नया घरेलू कनेक्शन नहीं मिलने से लोग 5 और 10 किलो के सिलेंडर खरीद रहे हैं। इनमें 10 किलो का कंपोजिट सिलेंडर करीब 1600 रुपए में मिल रहा है। यह 14 किलो के घरेलू सिलेंडर की तुलना में महंगा विकल्प साबित हो रहा है। कई एजेंसियों पर 10 किलो के सिलेंडर भी उपलब्ध नहीं हैं। जहां उपलब्ध हैं, वहां लोगों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। शहर में नए परिवारों के सामने घरेलू गैस कनेक्शन नहीं मिलने से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बाहर से आने वाले लोगों पर भी बोझ बढ़ रहा है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि मार्च से पहले तक एजेंसी पर हर महीने करीब 20 नए गैस कनेक्शन जारी होते थे।

आवेदन लेकर रख रहे एजेंसी संचालक : नये गैस कनेक्शन जारी नहीं हो रहे है। ऐसे में नये कनेक्शन के लिए जो उपभोक्ता एजेंसी पहुंच रहे है, उनके आवेदन लेकर एजेंसी संचालक रख रहे है। एजेंसी संचालक ने बताया कि एजेंसी पर रोजाना दो से तीन लोग नए कनेक्शन के लिए पूछताछ करने पहुंच रहे हैं।

> नए घरेलू गैस कनेक्शन की प्रक्रिया फिलहाल प्रदेशभर में बंद है। शासन स्तर से प्रक्रिया दोबारा शुरू करने के संबंध में निर्देश मिलने के बाद ही नए कनेक्शन जारी हो सकेंगे। पुराने कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है।
>
> **कृष्ण कुमार टेकाम,** जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

कमर्शियल भी संकट में

घरेलू कनेक्शन के साथ ही कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति और नए व्यावसायिक कनेक्शन भी प्रभावित हैं। इसका असर होटल, ढाबे, चाय-नाश्ते की दुकानों और अन्य छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। गैस की उपलब्धता को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रिफिलिंग की समय सीमा भी 45 दिन से घटा दी गई है। लेकिन कई गैस की परेशानी को लेकर नागरिकों को अब भी पूरी तरह से राहत नहीं मिल पाई है। बता दे कि जिले में इंडियन, एचपी और भारत गैस एजेंसियां नए कनेक्शन बंद होने से प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा कनेक्शन वाले क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। अकेले बैतूल तहसील में 70 हजार से से अधिक गैस कनेक्शन हैं।

एजेंसी पहुंच रहे उपभोक्ता, पोर्टल ही बंद

गैस कनेक्शन के लिए उपभोक्ता दस्तावेज लेकर एजेंसी पहुंच रहे है, लेकिन उन्हें पर बताया जा रहा है कि नए कनेक्शन का पोर्टल चालू नहीं है। जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। मंगल ने बताया कि वह गैस कनेक्शन के लिए एजेंसी जाते है तो उन्हें यहीं जवाब मिलता है कि पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन देना बंद है। एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि ऊपर से नए कनेक्शन जारी होने शुरू होंगे। तभी उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिल पाएगा। कनेक्शन नहीं मिलने के कारण जरूरत के लिए दूसरों से अधिक कीमत पर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। उनका कहना है कि एजेंसी पर 10 किलो वाला छोटा सिलेंडर भी समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है। इससे भी दिक्कतें है।

लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर अफसरों पर लगेगी वेतन पर रोक

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने योजना की विस्तृत समीक्षा की

बैठक में एसडीएम, तहसीलदार रहे मौजूद

उन्होंने योजना के तहत सभी पात्र स्वामित्व कार्डधारियों को निशुल्क रजिस्ट्री का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुलताई,आठनेर एवं भैंसदेही तहसीलों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी तहसीलदारों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन प्रगति सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आठनेर एवं चिचोली तहसीलदार को अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन तहसीलों में लक्ष्य कम है वे प्राथमिकता से अपने लक्ष्य को पूरा करें, ताकि पात्र स्वामित्व कार्डधारियों को निशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने पुराने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय का भ्रमण कर यहां संचालित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के सामने स्थित मॉडल रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया। रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाएं क्रियाशील नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को रिकॉर्ड रूम का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सेंट्रल लाइब्रेरी के लिए भी स्थान और भवन का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि कलेक्ट्रेट 2.0 के तहत पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बेहतर उपयोग के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुरूप व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, तहसीलदार डॉली रायकवार मौजूद रही।

कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक आज

बैतूल। कोयला उद्योग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने और वर्षों से लंबित संशोधन का लाभ दिलाने की मांग को लेकर कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ (एचएमएस) आज 15 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपेगा। सुबह 11 बजे शहीद भवन बैतूल में होने वाली मासिक बैठक में चार सूत्रीय मांगों पर चर्चा के बाद कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और कोयला मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। संघ की प्रमुख मांग है कि वर्ष 1998 की पेंशन स्कीम के तहत वर्तमान में मिल रही बेसिक पेंशन 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत की जाए। इसके साथ पेंशन में महंगाई भत्ता जोड़कर भुगतान किया जाए। संघ का कहना है कि पेंशन स्कीम के नियमानुसार हर तीन साल में संशोधन होना था, इसलिए वर्ष 1998 से 2026 तक लंबित रिवीजन पूरा कर बकाया एरियर्स का भुगतान किया जाए। चौथी मांग में अधिकारियों को वर्ष 2020 से दिए जा रहे 300 रुपए प्रतिमाह मेडिकल भत्ते की तर्ज पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी यह सुविधा देने की मांग शामिल है। बैठक में संघ अध्यक्ष दिनकर साहू दिल्ली में हुई चर्चाओं और वार्ताओं की जानकारी सदस्यों को देंगे।

189 किलो पन्नियां एकत्र कर नपा को सौंपा

बैतूल। बैतूल को पॉलीथिन और कैंसर मुक्त बनाने के उद्देश्य से 75 कदम मिशन और वृंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन बैतूल का अभियान 13वें दिन शासकीय कन्या हाईस्कूल, गंज बैतूल के सामने संचालित हुआ। अभियान के दौरान लगभग 189 किलो पन्नियां, प्लास्टिक और अन्य सामग्री एकत्र कर नगर पालिका को सौंपी गई। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पन्नियां फेंकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। अभियान में वृंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन बैतूल, तप श्री ज्ञान मंदिर परिवार टिकारी की कन्याओं और 75 कदम मिशन के साथी नारायण

चढ़ोकार, नवलसिंह ठाकुर, हेमन्त चंद्र बबलू दुबे, राधेलाल बनखेडे, नागेन्द्र सरनकर, पिंकी भाटिया, दीप मालवी, सत्येंद्र नागले, दीपक नामदेव, शंकर चावरिया, इंदी वालिया, श्रीमती नीलम दुबे, अनिल दुबे, बाला यादव, राहुल सिंह ठाकुर, संतोष वाघमारे, श्याम टेकपुरे सहित अन्य साथियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान रहवासियों, अधिकारियों और सब्जी-फल सहित अन्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अपील की गई कि वे पन्नियों का उपयोग न करें और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें।

सीएमएचओ ने सामुदायिक केन्द्र का किया निरीक्षण

बैतूल। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शर्मा ने 13 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ीसांवलीगढ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चिकित्सक तनिषा महाले एवं डॉ मनीषा वर्मा दोनों अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें अनुपस्थिति दर्ज कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। संस्था में गंभीर मरीजों के लिए ओपीडी, आईपीडी चालू रखने, पदस्थ बंध पत्र चिकित्सकों को सार्थक एप में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी को स्टाफ नर्स करूणा माकोड़े को कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सामान्य मरीजों को अनावश्यक रूप से जिला चिकित्सालय रैफर किया जाता है तो संबंधित चिकित्सक/स्टाफ के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। संस्था में ओपीडी की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश देते हुये कहा कि प्रतिदिन कम से कम 100 ओपीडी कराई जाए। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से समुदाय में प्रचार-प्रसार कर मरीजों को संस्था तक लाया जाये। संस्था में 24-7 उपलब्ध सेवाओं का विवरण बोर्ड संस्था के मुख्य द्वार पर लगाने के निर्देश दिये।

सांदीपनि के विद्यार्थियों ने संभाग में लहराया परचम

बैतूल। संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल बाजार के विद्यार्थियों ने चार विधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में अभिनव प्रधान ने तबला वादन और मोहित पवार की टीम ने लोकगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकगीत टीम में देवेश मासोदकर, विक्रांत बिनझारे, गौरव साबले, नमन खंडागरे, भव्य पवार, तेजस नागले और अभिनव प्रधान

शामिल रहे। वहीं वरिष्ठ वर्ग में रुद्र देशमुख ने सुगम संगीत और शिवम श्रीवास ने तबला वादन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस सफलता में मार्गदर्शक शिक्षक दिलीप गीद, नवीन माने, प्रीति पोटफोडे, शीला डोंगरे, संगीत शिक्षक मिनी सिंह परमार तथा अतिथि शिक्षक अतुल कापसे और खुशबू साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना हैंड, उपप्राचार्य आरके मालवीय और एसएमसी अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी।

गरबा, डांडिया उत्सव में पारंपरिक नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र

सारनी। नवरात्रि के पावन अवसर पर ऑफिसर्स क्लब सारनी में 12, 13 अक्टूबर को दो दिवसीय गरबा, डांडिया उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 200 सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अभियंता एसके लिल्होरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचआर नरवरिया, मनीष शर्मा, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता, जबलपुर मुख्यालय से पधारे

अतिरिक्त मुख्य अभियंता मोहनिश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता सुनील टेकाम सहित अन्य अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता अपने परिवारजनों सहित उपस्थित रहे। मां दुर्गा की आराधना, दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में मनमोहक गरबा एवं डांडिया प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी पोशाकों, पारंपरिक संगीत और आकर्षक विद्युत सजावट से ऑफिसर्स क्लब परिसर उत्सवमय हो उठा। बच्चों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। उत्सव में लिटिल चैंप्स गरबा समूह, बाल राधिका गरबा समूह, मस्तानों की टोली, मां शक्ति समूह, वृंदावन वाइब्स गरबा समूह, राइजिंग गरबा स्टार्स, माता की झंकार समूह, विट्ठल रुख्मिणी गरबा समूह तथा नौशक्ति रास गरबा समूह ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी समूहों की प्रस्तुतियों में पारंपरिक लोक संस्कृति, भक्ति और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।

बैठक कुकरू में कॉफी उत्पादन विस्तार के लिए अनुकूल, चरणबद्ध तरीके से एक्शन प्लान बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कॉफी बोर्ड के विशेषज्ञों ने कलेक्टर को फील्ड विजिट के अनुभवों से कराया अवगत

बैतूल। कुकरू क्षेत्र में कॉफी उत्पादन के विस्तार की संभावनाओं को लेकर सेंट्रल कॉफी बोर्ड की टीम ने आज कलेक्ट्रेट में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे से भेंट की। टीम ने कुकरू में किए गए फील्ड विजिट के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं अध्ययन के आधार पर क्षेत्र को कॉफी उत्पादन के लिए अनुकूल बताया। टीम द्वारा कुकरू में कॉफी उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से विस्तारित करने तथा निर्धारित अवधि में उत्पादन के बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि कुकरू क्षेत्र में कॉफी उत्पादन की संभावनाओं को

स्थानीय आजीविका गतिविधियों से जोड़ते हुए विकसित किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग कॉफी बोर्ड के सुझावों के आधार पर समन्वित एवं चरणबद्ध एक्शन प्लान तैयार करें, ताकि किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

जल उपलब्धता पर विशेष फोकस : कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि कॉफी उत्पादन के लिए जल की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'रिज टू वैली' एप्रोच के तहत कुकरू क्षेत्र में वाटरशेड प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति की कार्रवाई करने तथा आवश्यकतानुसार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और कॉफी उत्पादन की गतिविधियों को एक-दूसरे से जोड़कर दीर्घकालिक एवं टिकाऊ मॉडल विकसित किया जाए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग को आत्मा परियोजना के माध्यम से किसानों के एक्सपोजर विजिट आयोजित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसान कॉफी उत्पादन की उन्नत तकनीकों और सफल मॉडल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने एनआरएलएम को कुकरू क्षेत्र में कॉफी उत्पादन के लिए इच्छुक एवं उपयुक्त किसानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉफी बोर्ड के माध्यम से चयनित किसानों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिलाने के लिए भी कहा। प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को आगे मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वे क्षेत्र के अन्य किसानों को भी कॉफी उत्पादन की तकनीकों से अवगत करा सकें।

वन समितियों को भी किया जाए सक्रिय : कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कुकरू क्षेत्र में कार्यरत वन समितियों को भी सक्रिय करते हुए प्रशिक्षण एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को कॉफी उत्पादन से संबंधित प्रशिक्षण एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक समन्वय करने को कहा।

सट्टे के अवैध कारोबार पर पुलिस ने कसा शिंकजा

सारनी। पुलिस ने सट्टाखोरी के खिलाफ बडा। अभियान चलाया है। कई स्थानों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए 7 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस की सटोरियो के खिलाफ ताबड़तोड़ कारवाही से हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर संचालित अवैध सट्टे के कारोबार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में थाना सारनी पुलिस द्वारा सट्टा पर्ची लिखने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि दिनांक 13 अक्टूबर को थाना सारनी पुलिस को अलग-अलग स्थानों पर सट्टा पर्ची लिखे जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान सट्टा पर्ची लिखने के आरोप में 07 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। पुलिस द्वारा कार्रवाई के दौरान कुल 2,075 रुपये नकद राशि जब्त की गई। पुलिस ने पंजाब उर्फ पंजाबराव पिता साहबराव संतापे, निवासी वार्ड क्रमांक 05, मांग मोहल्ला, सारनी, थाना सारनी, आकाश इंगले पिता राजू इंगले, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 05, मांग मोहल्ला, सारनी, कैलाश निरापुरे पिता हीरालाल निरापुरे, उम्र 35 वर्ष, निवासी ईंट भट्टा, वार्ड क्रमांक 10, सारनी, दीपक मस्कोले पिता श्यामलाल मस्कोले, उम्र 38 वर्ष, निवासी ईंट भट्टा, वार्ड क्रमांक 10, सारनी, प्रदीप पिता व्यंकटराव डोंगरे, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06, बाजार मोहल्ला, सारनी, थाना सारनी, दुर्गेश पिता उमाकांत लागड़े, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 23, संत रविदास कॉलोनी, पाथाखेड़ा, थाना सारनी,मनोज पिता केसरी रजने, उम्र 43 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 21, इंद्र नगर, पाथाखेड़ा पर कारवाही की है.उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, सहायक उपनिरीक्षक शिवपाल इरपाचे, उपनिरीक्षक सुनील गौर, बी.पी. बुंदेल एवं प्रधान आरक्षक नीलेश मीना की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की यह कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।